

Director
Mr. VIPIN JAIN SIR
(The Symbol of Trust)

Since 2011

# 17 May 2022

# MARVELLOUS

## (A Result Oriented Institute)

An Institute for Civil services Examination

Daily Current Affairs Booster

Follow us on

# Daily Current Affairs

UPSC | MPPSC | NTA NET | MP-SI


Ground Floor, Opposite Puma Showroom, Tower Square, Indore (M.P.)
Helpline & 9981983777, 8817983777, 0731-4370330
Website : marvellousinstitute.com

## 17 मई का इतिहास

- **2010 :** भारतीय बॉक्सरो ने कॉमनवेल्थ बॉक्सिंग चैंपियनशिप के सभी छह स्वर्ण पदक जीत लिए।
- **1769 :** ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल के कपड़ा उद्योग को बर्बाद करने के लिए बुनकरों पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए।
- **1865 :** विश्व संचार दिवस मनाने की शुरूआत हुई।
- **1749 :** प्रसिद्ध कार्यचिकित्सक तथा चेचक के टीके के आविष्कारक एडवर्ड जेनर का जन्म हुआ।
- **1756 :** ब्रिटेन ने फ्रांस के विरूद्ध युद्ध की घोषणा की।

## 17 मई से संबंधित करेंट अफेयर्स

- शंघाई सहयोग संगठन क्षेत्रीय आतंकवाद रोधी संरचना की बैठक 16 से 19 मई तक दिल्ली में आयोजित की जाएगी। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब भारत SCO-RATS की कार्यकारी परिषद का वर्तमान अध्यक्ष है। इस बैठक की मेजबानी भारत करेगा और इसमें तीन सदस्यीय पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल की भागीदारी होगी। इस्लामाबाद में नई सरकार के कार्यभार संभालने के बाद भारत में पाकिस्तान का पहला प्रतिनिधिमंडल होगा।
- लियोनेल मेस्सी ने 130 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कथित आय के साथ फोर्ब्स हाईएस्ट-पेड एथलीट 2022 की सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया है। इसके बाद बास्केटबॉल खिलाड़ी, लेब्रोन जेम्स 121.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ दूसरे स्थान पर, जबकि क्रिस्टियानो रोनाल्डो 115 मिलियन अमेरिकी डॉलर के सथ तीसरे स्थान पर है।
- टमाटर फ्लू बीमारी ने बड़ी संख्या में बच्चों को अपना शिकार बनाया है। टमाटर फ्लू या टोमेटो फ्लू एक सामान्य वायरस संक्रमण है, जिसमें पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को बुखार आता है। आमतौर पर त्वचा में जलन और शरीर में पानी की कमी के साथ इस बीमारी की शुरूआत होती है। फ्लू से संक्रमित बच्चे के शरीर में टमाटर की तरह चकते बन जाते है, जो आमतौर पर लाल रंग के होते है, इसलिए इसे टमाटर फ्लू या टमाटर बुखार कहा जाता है।
- भारत ने हिंदी में संगठन की सार्वजनिक पहुंच बढ़ाने की पहल के तहत संयुक्त राष्ट्र को 8,00,000 अमेरिकी डॉलर का योगदान दिया है। संयुक्त राष्ट्र में देश के उप स्थायी प्रतिनिधि, आर.रवींद्र ने दुनिया भर में हिंदी भाषी आबादी के लिए संयुक्त राष्ट्र के बारे में जानकारी प्रसारित करने के लिए 2018 में भारत द्वारा शुरू की गई संयुक्त राष्ट्र परियोजना के लिए एक चेंक सौंपा।
- विश्व मौसम विज्ञान संगठन द्वारा जारी ग्लोबल एनुअल टू डेकाडल क्लाइमेट अप्डेट रिपोर्ट के अनुसार भारत विश्व स्तर पर उन कुछ क्षेत्रों में शामिल हो सकता है जहाँ वर्ष 2022 और अगले चार वर्षो के लिये तापमान सामान्य से कम रहने की भविष्यवाणी की गई है।
- रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश के वाराणसी में स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर स्थापित किया जाएगा। स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर के विकास के लिए राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) और UAE के डीपी वर्ल्ड के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए है। स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर्स का उद्देश्य भारतीय युवाओं को उच्च गुणवत्ता वाला प्रशिक्षण प्रदान करना है। ये केंद्र प्रशिक्षण सुविधाओं की मेजबानी करेंगे, जो कनाडा, संयुक्त अरब अमीरात, खाड़ी सहयोग परिषद क्षेत्र जैसे देशों में स्थित विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय नियोक्ताओं की मांग के अनुसार देश के युवाओं को कौशल प्रदान करेंगे।
- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म Trade nxt लॉन्च किया है। यह कॉरपोरेट और एमएसएमई को अपने स्थान से सभी सीमा पार निर्यात आयात लेनदेन करने में सक्षम बनाता है। यानी अब कंपनियों को इसके लिए बैंक शाखा में जाने की आवश्यकता नहीं है। यह लेटर ऑफ क्रेडिट, बैंक गारंटी, निर्यात/आयात बिल, निर्यात ऋण का संवितरण भेजी जाने वाली और वापस आने वाली रकम, डीलर वित्तपोषण आदि की निर्बाध प्रविष्टि और प्रसंस्करण प्रदान करता है।
- दुनिया की दिग्गज ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टेनली ने कच्चे तेल की कीमतों में बेतहाशा तेजी और दुनियाभर की अर्थव्यवस्था की सुस्त रफ्तार को देखते हुए वित्त वर्ष 2023 के लिए भारत के जीडीपी विकास अनुमान घटा दिया है। इस रेंटिंग एजेंसी ने जीडीपी अनुमान को 7.9 प्रतिशत से घटकर 7.6 प्रतिशत कर दिया है। अमेरिकी ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टेनली ने साथ ही वित्त वर्ष 2024 के विकास अनुमान को भी 7 प्रतिशत से घटाकर 6.7 प्रतिशत कर दिया है। हालांकि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2023 और 2024 में पूर्व-महामारी विकास दर से ऊपर की और विस्तार करेगी।
- सर्वोच्च न्यायालय ने सोशल मीडिया और ओवर-द-टॉप प्लेटफॉर्म के लिये नियामक ढाँचें की प्रभावकारिता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर विभिन्न उच्च न्यायालयों में कार्यवाही पर रोक लगा दी है। ये नियामक ढाँचें सूचना प्रौद्योगिकी नियम 2021 और केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम 2021 द्वारा स्थापित किये गए है।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व दूरसंचार/सूचना समाज दिवस (World Telecommunication & Information Society Day) प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 17 मई (B) 18 मई
(C) 19 मई (D) 20 मई


**(A)** विश्व दूरसंचार/सूचना समाज दिवस हर साल 17 मई को मनाया जाता है। आधुनिक युग में फोन, मोबाइल और इंटरनेट लोगों की पहली जरूरत बन गए हैं। इसके बिना जीवन की कल्पना करना बहुत कठिन हो गया है। यह पहली बार 17 मई 1969 को मनाया गया था। 2005 में इसे संयुक्त राष्ट्र महासभा में सूचना दिवस के रूप में घोषित किया गया था।




**2. विश्व उच्च रक्तचाप दिवस (World Hypertrnsion Day) हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 11 मई (B) 14 मई
(C) 17 मई (D) 20 मई

**(C)** विश्व उच्च रक्तचाप दिवस 17 मई को दुनिया भर में बढ़ते उच्च रक्तचाप के बारे में जन जागरूकता को बढ़ावा देने और सभी देशों के नागरिकों को इस मूक हत्यारे को रोकने और नियंत्रित करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। यह दिवस पहली बार मई 2005 में आयोजित किया गया था।




**3. विश्व बैकिंग दिवस (World Baking Day) प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 16 मई (B) 17 मई
(C) 18 मई (D) 19 मई

**(B)** विश्व बैकिंग दिवस हर साल 17 मई को दुनिया भर में बेकिंग की खुशी फैलाने के लिए मनाया जाता है। सभी शुरूआती लोगों के लिए ये सही समय है कि वो उस रोलिंग पिन को व्हिप करें और एक स्वादिष्ट केक, कुकीज, बिस्कुट या ब्राउनी बेक करें। बेकिंग हजारों साल पुरानी है, यानी ये प्राचीन ग्रीस में 600 ईसा पूर्व की है।




**4. सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा भारत की सबसे बड़ी प्रोटोन एक्सचेंज मेम्ब्रेन (PEM) आधारित हाइड्रोजन परियोजना कहाँ स्थापित की जाएगी ?**

(A) जयपुर (राजस्थान) (B) भुवनेश्वर (ओडिशा)
(C) गुना (मध्यप्रदेश) (D) लखनऊ (उत्तर प्रदेश)

**(C)** मध्यप्रदेश के गुना में गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा भारत की सबसे बड़ी प्रोटोन एक्सचेंज मेम्ब्रेन आधारित हाइड्रोजन परियोजना स्थापित की जाएगी और यह अक्षय ऊर्जा पर आधारित होगी। इस परियोजना को लगभग 99.999 वॉल्यूम प्रतिशत की शुद्धता के साथ प्रति दिन लगभग 4.3 मीट्रिक टन हाइड्रोजन का उत्पादन करने के लिए स्थापित किया जाएगा।



**5. पानी की खपत को कम करने के लिए भारत टैप (Bharat App) नामक पहल को किसने शुरू किया है ?**

(A) गजेंद्र सिंह शेखावत (B) हरदीप सिंह पुरी
(C) धर्मेंद्र प्रधान (D) अर्जुन मुंडा

**(B)** आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पूरी ने प्लम्बेक्स इंडिया प्रदर्शनी के दौरान पानी की खपत को कम करने के लिए भारत टैप नामक पहल को शुरू किया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य व्यापक पैमाने पर प्लम्बिंग और स्वच्छता संबंधी उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है, जिसके माध्यम से घरों में पानी की खपत को कम किया जा सके।





**6. इंग्लैंड की पुरूष टेस्ट टीम का मुख्य कोच किसे नियुक्त किया गया है ?**

(A) अजीत आगरकर (B) ब्रेंडन मैक्कुलम
(C) वसीम जाफर (D) शेन वॉटसन

**(B)** न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान व आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मौजूदा मुख्य कोच ब्रेंडन मैक्कुलम को इंग्लैंड की पुरूष टेस्ट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। हालांकि, वे आईपीएल 2022 तक केकेआर के मुख्य कोच बने रहेंगे।



**7. हाल ही में किसे टेम्पलटन पुरस्कार 2022 से सम्मानित किया गया ?**

(A) डेनियल मेदवेदेव (B) स्नियल कोरमक
(C) फ्रंटियर वोटर (D) फ्रैंक विल्जेक

**(D)** नोबेल पुरस्कार से सम्मानित सैद्धांतिक भौतिक विज्ञानी और प्रकृति के मूलभूत नियमों की व्याख्या करने वाले प्रसिद्ध लेखक फ्रैंक विल्जेक को इस साल का प्रतिष्ठित टेम्पलटन पुरस्कार मिला है। इस पुरस्कार के तहत 1.5 मिलियन डॉलर की राशि प्रदान की जाती है।



**8. बचपन बचाओ आंदोलन किसके द्वारा शुरू किया गया था ?**

(A) अरूंधति रॉय (B) अरूणा रॉय
(C) लक्ष्मी अग्रवाल (D) कैलाश सत्यार्थी

**(D)** बच्चों के अधिकारों के लिए नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी बाल श्रम के उन्मूलन पर 5वें वैश्विक सम्मेलन की अगुवाई कर रहे है। इस सम्मेलन का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा किया जा रहा है। बचपन बचाओं आंदोलन बच्चों के अधिकारों के लिए भारत का सबसे बड़ा आंदोलन है।




**9. उज्ज्वला योजना का नोडल मंत्रालय है ?**

(A) ग्रामीण विकास मंत्रालय
(B) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय
(C) उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
(D) महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

**(B)** पिछले वित्तीय वर्ष में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 90 लाख लाभार्थियों ने अपने सिलेंडरों को फिर से रिफिल नही किया। यह योजना मूल रूप से 1 मई 2016 को उत्तर प्रदेश के बलिया में प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई थी। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत अब तक 9 करोड़ से अधिक कनेक्शन जारी किये जा चुके है।



**10. जूनियर तीरंदाजी एशिया कप 2022 की पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर कौनसा देश रहा है ?**

(A) भारत (B) थाईलैंड
(C) ईरान (D) कजाकिस्तान

**(A)** भारत जूनियर तीरंदाजी एशिया कप 2022 की पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर रहा है, भारत ने इस प्रतियोगिता में कुल 14 पदक जीते, जिसमें आठ स्वर्ण, चार रजत और दो कांस्य पदक शामिल है।

# MARVELLOUS

## INSTITUTE FOR CIVIL SERVICES

**(A RESULT ORIENTED INSTITUTE )**

**Since 2011**

MPPSC की तैयारी के लिए VIPIN सर ही क्यों ?





**Director :-**
**MR. VIPIN JAIN SIR**
**(The Symbol of Trust)**

MSC Mathematics
MPA Public Administration , NET
MPH Philosophy (Gold Medalist) , NET
MPS Political Science , NET Qualified
MSO Sociology
MHD Hindi Literature Etc

**Opposite Puma showroom, Tower Square, Indore**
**CONTACT :- 9981983777, 8817983777**